9-5-25

FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या : 55/2025

प्रार्थी — अप्रार्थी

उदित ए मेहता — बनाम — राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी

किस्म मुकदमा– तरमीम शुद्वि

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09-5-2025	प्रार्थी श्री उदित ए मेहता पुत्र अक्षय मेहता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पेश कर बताया कि ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 174/3 में प्रार्थी की एकल खातेदारी की भूमि आई हुई है जिसकी वर्तमान जमाबन्दी की नकल सलंग्न है। उक्त भूमि की ग्राम मोगड़ा कंला के ऑनलाईन नक्शे में खसरा नम्बर 174/3 रकबा 0.2428 हैक्टयर की तरमीम ऑनलाईन नक्शे में त्रुटिवश गलत स्थान पर प्रदर्शित हो रहा है। जबकि प्रार्थी की भूमि मौका अनुसार अन्य स्थान पर स्थित है। जिसकी पुरानी नक्शा नकल एवं बैचान दस्तावेज सलंग्न है। इस कार्यालय के पत्रांक/कोर्ट/2025/264 दिनांक 28.03.2025 के तहसीलदार लूणी को जांच हेतु लिखा गया है। तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/975 दिनांक 08.04.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जांच रिपोर्ट में बताया कि मोगडा कंला के खसरा नम्बर 174/3 रकबा 0.2428 हैक्टयर खातेदार उदित ए मेहता पुत्र अक्षय मेहता हिस्सा पूर्ण जाति ओसवाल सा.26 जसकुंज बदस्तूर जमाबंदी दर्ज है तथा ग्राम पंचायत मोगड़ा कला के नामान्तरकरण संख्या 1192 के जरिये हुआ जो कि मूल खातेदार हुक्माराम पुत्र थाराराम जाति पटेल सा. मोगड़ा कंला से जरिये पंजीबद्व बेचाननामें के आधार पर दर्ज हुआ, उपरोक्त पंजीबद्व वेचान दस्तावेज उपपंजीयक (प्रथम) जोधपुर द्वारा दिनांक 11.10.2007 को पु.सं. 1 जि.सं. 282 पृ.सं. 59 क्रं.सं. 2007008345 पर पंजीबद्व है। पंजीबद्व बेचान दस्तावेज में खसरा नम्बर 174/2/1 (वर्तमान 174/3) रकवा 01 बीघा 10 बिस्वा के पडौस में दक्षिण दिशा में गुडा सडक एवं उत्तर में खसरा नम्बर 175 की कृषि भूमि का स्पष्ट इन्द्राज है। उक्त खसरे की तरमीम लठ्ठा ट्रेस नक्शा में लाल स्याही से अंकित है। किन्तु धुंधली है। उक्त खसरे की तरमीम ऑनलाईन DILRMP योजनान्तर्गत लिपिकिय त्रुटिवश गलत स्थान पर दर्ज हो गयी जिसे रेकर्ड, मौका एंव उपलब्ध साक्ष्य दस्तावेजों के आधार पर प्रस्तावित नजरी नक्शा अनुसार शुद्व किये जाने की अनुशंषा की है। अतः उपरोक्त विवेचन एंव प्रस्तुत रेकर्ड, मौका एंव उपलब्ध साक्ष्य दस्तावेजों के आधार पर प्रस्तावित नजरी नक्शा अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है। कि ग्राम मोगडा कंला के खसरा नम्बर 174/3 रकबा 0.2428 हैक्टयर की तरमीम रेकर्ड दुरूस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी, लूणी	